# जन्मदिन बाबा का करते जय जय कार

जन्मदिन बाबा का,
करते जय जय कार,
बधाई देण चलो,
जन्मे पवन कुमार,
जनम दिन बाबा का।bd।

---

चेत सुदी पूर्णमासी ने,
जन्म लिया था आ क,
अंजनी माँ घर खुशी मनाई,
घी के दीप जला क,
पिता केसरी न्यु बोले भाई,
छाई अजब बहार,
जनम दिन बाबा का।bd।

---

तेज प्रताप महा जग वंदन,
थारे खेल निराले,
सारे क कोहराम माच गया,
सूरज मुख में ढाले,
हनुमान थारा नाम पड़ गया,
किया इन्द्र ने परहार,
जनम दिन बाबा का।bd।

---

आज खुशी का मौका आया,
रल मिल मंगल गाओ,
कलयुग का अवतारी बाबा,
जाके दर्शन पाओ,
नाचो और नचाओ सबने,
करदे भव से पार,
जनम दिन बाबा का।bd।

---

राजू शर्मा मस्त मग्न हो,
शरण पड़या से थारी,
गुरू सुरजमल थारी सूरत पयारी,
जाऊ वारि वारि,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लारी भर के भक्तां की चली,
मेहंदीपुर दरबार,
जनम दिन बाबा का।bd।

---

जन्मदिन बाबा का,
करते जय जय कार,
बधाई देण चलो,
जन्मे पवन कुमार,
जनम दिन बाबा का।bd।

– प्रेषक –
राकेश कुमार खरक जाटान(रोहतक)
**9992976579**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com